## खास-खबर

### सामाजिक संस्था जीवन प्रकाश द्वारा कोविड मरीजों हेतु 15 स्टेण्ड पंखे भेंट किए

**नागदा ( निप्र )।** सामाजिक संस्था जीवन प्रकाश द्वारा शासकीय अस्पताल में कोरोना मरीजों की सुविधा हेतु 15 स्टेण्ड पंखे श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी आशुतोष गोस्वामी, सीएसपी सा. श्री मनोज रत्नाकर एवं पूर्व विधायक श्री दिलीपसिंह शेखावत तथा मेडीकल ऑफिसर डॉ. कमल सोलंकी को प्रदान किये। इस अवसर पर जीवन प्रकाश संस्था के बद्रीलाल पोरवाल, कृष्णकांत जायसवाल, रवि कांठेड़, अभय कुमार जैन, बृजमोहन राठी, शशांक सेठीया, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश जैन, राजेश धाकड, अशोक यादव, सुरेन्द्र जैन दलाल, अजीत कांठेड, रमेश मोहता, संजय पोरवाल, झमक राठी, गोपाल मोहता आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी जीवन प्रकाश संस्था के अध्यक्ष जगदीश मेहता ने दी।

### बिना बायोमैट्रिक सत्यापन के आधार पर राशन का वितरण कराने के निर्देश

**सीहोर।** प्रमुख सचिव, खाद्य द्वारा दिए गए निर्देशानुसार पात्र परिवारों को कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते बिना बायोमैट्रिक सत्यापन के आधार पर राशन का वितरण कराया जाएगा। पात्र परिवारों को माह अप्रैल, मई एवं जून का राशन एक मुश्त नि:शुल्क प्रदाय किया जाएगा। जिन हितग्राहियों ने माह अप्रैल एवं मई का राशन प्राप्त कर लिया गया हैं उन्हें माह जून का राशन नि:शुल्क दिया जाए। जिन हितग्राहियों ने माह अप्रैल, मई एवं जून का राशन अभी तक प्राप्त नहीं किया गया है उन्हें तीन माह का राशन नि:शुल्क प्रदाय किया जाए। वृद्ध एवं नि:शक्त हितग्राहियों को आशीर्वाद योजनांतर्गत उनके घरों तक राशन पहुंचाया जाएगा या नॉमिनी के माध्यम से वितरित किया जाएगा। इस व्यवस्था अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पोर्टेबिलिटी की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। यदि किसी हितग्राही को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राशन प्राप्त करना है तो उसको बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर राशन वितरण किया जा सकता है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में जहां चिकित्सकों की कमी है वहां टेली मेडिसीन के माध्यम से कोविड सेन्टर प्रारंभ किया जाए: विधायक गुर्जर

**नागदा जं.।** वर्तमान कोरोना काल में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने कलेक्टर उज्जैन को पत्र लिखकर सुझाव प्रेषित किया है कि पुरे उज्जैन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय चिकित्सालयों में कोविड सेन्टर प्रारंभ करने हेतू टेली मेडिसीन के माध्यम से कोविड सेन्टर प्रारंभ कर जनता के स्वास्थ्य की रक्षा की जाए। श्री गुर्जर ने कहा है कि वर्तमान समय में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए टेली मेडिसीन सर्वोत्तम साधन है कोविड विशेषज्ञों प्रायवेट या शासकीय चिकित्सक को अनुबंधित कर पेरा मेडिकल स्टाफ के सहारे कोविड सेन्टर का संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में भी आसानी से किया जाकर के हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसी तारतम्य में नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में भी विधायक निधि से चांपाखेडा और मडावदा जैसे शासकीस चिकित्सालयों में कोविड सेन्टर चलाने के टेली मेडिसीन हेतू 10 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है जिसका शीघ्र अतिशीघ्र उपयोग किया जाए और पूरे उज्जैन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां-जहां शासकीय चिकित्सालय भवन है वहां इलाज हेतू टेली मेडिसीन के माध्यम से कोविड सेन्टर प्रारंभ करके एक बडे वर्ग को राहत प्रदान की जा सकती है प्रशासन सुझाव को गंभीरता से लेकर तत्काल पालन किया जाना चाहिए।

### 31 मई तक बढ़ा कोरोना कर्फ्यू

**गंजबासौदा।** जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार को रोकने के लिए राज्य शासन के निर्देश पर जिला कलेक्टर पंकज जैन ने पूरे जिले में 31 मई तक कोराना कर्फ्यू बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस अवधि में वैवाहिक, सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा। शवयात्रा में मात्र 10 व्यक्ति ही जा सकेंगे, जो दिवंगत आत्मा के शरीर का अंतिम संस्कार कर सकेंगे। आदेश का पालन न करने पर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी। पुलिस प्रशासन उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करें, ताकि कोरोना संक्रमण की रफ्तार को रोका जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**गंजबासौदा।** स्थानीय रेलवे ट्रैक पर प्रात: मालवा एक्सप्रेस के ड्राइवर को विद्युत खंभे के सहारे एक युवक लटकता हुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना ड्राइवर ने स्टेशन मास्टर को दी। जीआरपी द्वारा उक्त युवक के शव को उतार कर स्थानीय राजीव गांधी चिकित्सालय भिजवाया। तब तक यह खबर आसपास फैल गई। लोगों ने वार्ड क्रमांक 2 खारे कुआ के पास रहने वाले अमन नामदेव पुत्र राकेश नामदेव उम्र 21 वर्ष के रूप में पहचान की। युवक द्वारा किस कारण से आत्महत्या की गई है या अज्ञात लोगों द्वारा युवक की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया गया है।

# हम तब तक चैन नहीं लेंगे जब तक कोरोना संक्रमण समाप्त न हो जाए: संभागायुक्त

## कवीन्द्र कियावत ने की कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं इलाज की समीक्षा

**सीहोर।**



**भोपाल संभाग आयुक्त जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए चलाई जा रही गतिविधियों की समीक्षा की।**

संभाग आयुक्त कविंद्र कियावत ने कहा कि अभी कोरोना संक्रमित मरीजों की कमी और रिकवरी रेट बढ़ते हुए देख खुश होने की जरूरत नहीं है, बल्कि हमें तब तक चैन नहीं लेना है जब तक कोरोना संक्रमण पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता। श्री कियावत ने कहा कि यह महामारी से युद्ध स्तर पर लड़ने के लिए किल कोरोना अभियान के तहत सर्वे किया जा रहा है। सर्वे कार्य पूरी गंभीरता के साथ तेजी से किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम को बढ़ावा देना होगा। लोगों को इसके प्रति जागरुक करना होगा, ताकि प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद मिले। श्री कियावत ने कहा कि कोरोना संक्रमण लक्षणों वाले व्यक्तियों की तुरंत पहचान, जांच और उपचार हो। उन्होंने कहा कि कोरोना कर्फ्यू का पालन सुनिश्चित कराना होगा। लोगों को जागरुक करना होगा कि वे स्वयं मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेसिंग और हाथों को बार-बार धोते रहे। इससे कोरोना महामारी को जल्द रोका जा सकेगा। बैठक में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भोपाल जोन साईं मनोहर ने कहा कि सीहोर में पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने सभी से कहा कि अपने आप को सुरक्षित रखते हुए पूरी लगन और मेहनत से करुणा के विरुद्ध लड़ाई लड़े।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत हर्ष सिंह ने बताया कि जिले में कोरोना महामारी से निपटने के लिए कोरोना गाइड लाइन का शत-प्रतिशत पालन कराया जा रहा है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम में सफलता भी मिल रही हैं। एसपी एसएस चौहान ने जानकारी दी कि जिले में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर अपनी संपूर्ण ऊर्जा के साथ कार्य कर रहा है। अपर कलेक्टर गुंचा सनोबर, सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

**कोई भी व्यक्ति सर्वे से नहीं छूटे ङ्क संभाग आयुक्त श्री कियावत:**आष्टा जनपद पंचायत में बैठक आयोजित कर कोरोना संक्रमण के प्रभावी ढंग से रोकथाम एवं उपचार के संबंध में भोपाल संभाग आयुक्त कविंद्र कियावत ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किल करोना अभियान के तहत सर्वे की गति बढ़ानी होगी। सर्वे में यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति सर्वे से छूटे नहीं। यह सर्वे अन्य योजनाओं के सर्वे की तरह नहीं है। यह महामारी से युद्ध स्तर पर लड़ने के लिए किया जा रहा सर्वे है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम को बढ़ावा देना होगा। लोगों को इसके प्रति जागरुक करना होगा, ताकि प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद मिले उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण लक्षणों वाले व्यक्तियों की तुरंत पहचान, जांच और उपचार हो। उन्होंने कहा कि कोरोना कर्फ्यू का पालन सुनिश्चित कराना होगा। लोगों को जागरुक करना होगा कि वे स्वयं मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेसिंग और हाथों को बार-बार धोते रहे। इससे कोरोना महामारी को जल्द रोका जा सकेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भोपाल जोन साईं मनोहर, सीईओ जिला पंचायत हर्ष सिंह, एसपी एसएस चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### हमारा लक्ष्य है कोई भी व्यक्ति संक्रमित न रहे

*__सीहोर।__ इछावर एवं लाड़कुई में कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में अधिकारियों की बैठक भोपाल संभागायुक्त कविंद्र कियावत ने ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से संक्रमण की रोकथाम को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कोरोना की चेन ब्रेक करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री कियावत ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति संक्रमित न रहे। इसके लिए जो माईक्रो कटेंमेंट एरिया बनाए जा रहे हैं, उन पर विशेष निगरानी रखें ताकि कोई बाहर नहीं निकल पाए और संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि जिस गांव से संक्रमित व्यक्ति मिल रहे हैं वहां पर यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी व्यक्ति गांव से बाहर न जाए। जिससे कि कोरोना संक्रमण दूसरे गांव या अन्य स्थान के लोगों तक फैलने से रोका जा सके। यह कोरोना की चैन ब्रेक करने के लिए जरूरी है। श्री कियावत ने कहा कि कोरोना संक्रमण लक्षणों वाले व्यक्तियों की तुरंत पहचान, जांच और उपचार हो। उन्होंने कहा कि कोरोना कर्फ्यू का पालन सुनिश्चित कराना होगा। लोगों को जागरुक करना होगा कि वे स्वयं मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेसिंग और हाथों को बार-बार धोते रहे।*

### 18 प्लस के लिए 16 मई को शाम 4 बजे खुलेगी ऑनलाईन बुकिंग

**सीहोर।** 18 प्लस के लिए रविवार 16 मई को शाम 4 बजे ऑनलाइन बुकिंग खुलेगी। 17 मई, 19 मई तथा 20 मई को आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्रों के लिए ऑनलाइन बुकिंग रविवार को की जा सकेगी। 18 प्लस के हितग्राही ऑनलाइन बुकिंग कराने मे selfregitsration.cowin.gov.in को प्राथमिकता देवें। ऑनलाइन बुक्रिंग कराते समय अलग-अलग टाइम स्लाट प्रात: 9 से 11, प्रात: 11 से दोपहर 1 बजे, दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तथा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे में बुकिंग करें तथा उसी टाइम स्लॉट में टीकाकरण केन्द्र पर टीका लगवाने पहुंचे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एमके चंदेल के अनुसार प्राय: यह देखा जा रहा है कि अधिकतर व्यक्ति प्रात: 9 बजे से ही टीकाकरण केन्द्र पर उपस्थित होते हैं। जबकि दोपहर के समय टीकाकरण केन्द्र खाली रहते है। अत: अलग-अलग टाइम स्लाट में बुकिंग करें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा टीकाकरण की बुकिंग एक से अधिक बार हो जाती है तो वह डुप्लिकेट बुकिंग को तत्काल केंसिल कर दें ताकि अन्य व्यक्ति को बुकिंग कराने का मौका मिल सकें। डॉ. चंदेल ने एक सुझाव दिया है कि यदि 18 प्लस वाला कोई हितग्राही बुकिंग उपरांत टीकाकरण के लिए किसी कारण से उपस्थित नहीं हो सकता है।

# कोविड प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र प्रताप ने की वर्चुअल समीक्षा

**छतरपुर।**

**प्रदेश के खनिज एवं छतरपुर जिले के कोविड प्रभारी मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को जिला आपदा प्रबंधन समिति की वर्चुअल समीक्षा की और समिति के सदस्यों से कोविड संक्रमण से बचाव के लिए बनने वाली रणनीति के क्रियान्वयन पर सुझाव प्राप्त किए।**

बैठक के प्रारंभ में जिला कलेक्टर द्वारा कोविड संक्रमण की स्थिति पर सारगर्भित रुप से प्रकाश डाला गया। इस बैठक में सांसद वीरेन्द्र कुमार खटीक एवं विधायक प्रद्युम्न लोधी, पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, सीईओ जिला पंचायत सहित जनप्रतिनिधियों एवं उनके नामांकित प्रतिनिधि तथा समिति के सदस्य प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कोविड प्रभारी मंत्री ने कहा कि कोविड संक्रमण पर नियंत्रण के लिए कोटवार ग्राम में जाकर लक्षणयुक्त रोगी की पहचान करे तत्पश्चात चिन्हित लोगों को सर्वेदल मेडीसिन किट दें। कोविड आपदा के संक्रमण से निपटने के लिए खण्ड एवं ग्राम स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति कोविड नियंत्रण की जिम्मेदारी निभाएं। खनिज मंत्री ने कहा कि जिले में संचालित संजीवनी अभियान के घर-घर सर्वे से छतरपुर जिले में कोविड आपदा पर नियंत्रण पाया गया। जिले में कोविड संक्रमण की स्थिति बेहतर हो रही है। जिला कोविड पॉजिटिव दर में धीरे-धीरे सिंगल डिजिट में आ रहा है। उन्होनें जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड संक्रमण पर नियंत्रण जरुरी है। इसके लिए आपदा प्रबंधन समिति की महती भूमिका है। छतरपुर जिला उत्तर प्रदेश की जिलों की सीमा से लगा होने से बेहद संवेदनशील बना रहा, जिले में कोविड संक्रमण के रोकथाम के लिए किए गए तात्कालिन रणनीति कारगर रही।

# सिराड़ी वेयरहाउस पर के साथ की जा रही है धोखाधड़ी

## भारतीय किसान संघ ने की जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**सीहोर।**



**भारतीय किसान संघ ने सिराड़ी वेयरहाउस पर किसानों के साथ तौल में खुली धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। किसानों के अनाज को सर्वेयरों तुलावट हम्मालों सहित अन्य कर्मचारियों के द्वारा लूटा जा रहा है।**

भारतीय किसान संघ पदाधिकारी प्रेम सिंह दांगी ने कहा की पीर बटाऊ के पास संचालित सिराड़ी वेयरहाउस पर किसानों के साथ हर दिन छल किया जा रहा है। किसानों की लगभग 20 ट्राली शुक्रवार को तौली गई जिसमें सर्वेयर द्वारा एक से दों क्विंटल गेहूं चालकी से चोरी कर लिया गया। वेयरहाउस पर कार्यरत हम्मालों के द्वारा हर एक कट्टी में 10 से 15 किलो गेहूं निकाला जा रहा है। प्रति दिन सैकड़ों किसानों का एकत्रित कर लगभग 10 क्विंटल गेहूं लूटा जा रहा है। वेयरहाउस पर हरकतें थमने का नाम नहीं ले रहीं है। इसी प्रकार सर्वेयर के द्वारा किसानों से ट्राली पास कराने के नाम पर 500 रुपए से एक हजार रुपए तक वसूले जा रहे हैं। सर्वेयर के द्वारा रुपए देने में असमर्थ किसानों का गेहूं जानबूझकर रिजेक्ट किया जा रहा है। संघ ने इस मामले की शिकायत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से भी की है लेकिन अब तक वेयरहाउस एमबीएस के अधिकारियों कर्मचारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ा रहा है।

# अन्य जिलों से लाकर बेची जा रही थी शराब आबकारी टीम ने पकड़ी 9 पेटी

**होशंगाबाद।**



**जिला कलेक्टर धनंजय सिंह के दिशा निर्देशन मे एव जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी अमले ने शहर के ग्वालटोली एवं कोठी बाजार सब्जी मंडी क्षेत्र में अवैध शराब माफियाओ के अडडो पर जबर्दस्त कार्रवाई की।**

बताया जा रहा है कि जिला आबकारी अधिकारी को निरंतर ऐसी सूचनाएं प्राप्त हो रही थी कि लॉकडाउन में बंद दुकानों का फायदा उठाकर अवैध शराब बेचने वाले तस्करों द्वारा अन्य जिलों से शराब लाकर शहर में ऊंचे दामों पर बेची जा रही है शिकायतों की पुष्टि करने हेतु जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी ने आबकारी अमले को निर्देशित किया गया। जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी ने बताया की पहली कारवाई ग्वालटोली क्षेत्र में की गई, जहां आरोपी महेश तलरेजा के रहवासी मकान की तलाशी से 4 पेटी अंग्रेजी शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। कोठी बाजार सब्जी मंडी से आरोपी सुरेंद्र लुटेरे के रहवासी मकान की तलाशी में 5 पेटी अंग्रेजी शराब जप्त की गई। आरोपी आबकारी अमले को देखकर मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। जप्त की गई शराब की कुल कीमत लगभग 80000 है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सुयश फौजदार, आबकारी मुख्य आरक्षक रामदत्त शर्मा, रघुवीर प्रसाद निमोदा आबकारी आरक्षक विकास लोखंडे, धर्मेंद्र बारंगे आदि का सराहनीय योगदान रहा है।

# सेवा ही संगठन अभियान 2 भाजपा ग्रामीण मण्डल में किया सूखा राशन वितरित किया गया

**सारनी। पाथाखेड़ा**

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल सारनी में मंडल अध्यक्ष मोहन मोरे एवं ग्रामीण मंडल प्रभारी सुधाचंद्रा के नेतृत्व में जामखोदर,बाकुड़,विक्रमपुर पंचायत के गाताखेड़ा,झुआझार बेलुंड,जामखोदर गांव में पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं के साथ इस भीषण कोरोना महामारी में पीड़ित बेरोजगार दिहाड़ी मजदूर ग्रामीणों के घर जाकर सूखा अनाज का वितरण किया गया।इस दौरान जामखोदर गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ आशा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर घर-घर जाकर टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया गया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहन मोरे ने कहा कि हमारे ग्रामीण टीका लगाने से डर रहे हैं,तो मैं आप सभी से निवेदन करता हूं आप लोग टीकाकरण केंद्रों में जाकर कोरोना से लड़ने के लिए टीका अवश्य लगवाएं।इस अवसर पर मंडल प्रभारी सुधाचंद्रा ने कहा कि सभी ग्रामीण किसान भाइयों से भारतीय जनता पार्टी निवेदन करती है कि ऐसे हमारे भाई जो घर में बीमार है और इलाज नहीं करा रहे हैं उन सभी लोगों को हम सब मिलकर जागरूक करें उनका समय पर इलाज करवाएं हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता आपके घर घर जा रही है।यदि आप बीमार है तो आपको दवाई का किट भी उपलब्ध करा रही हैं। कृपया कर हमारे फ्रंटलाइन की कार्यकर्ताओं का आप सभी ग्रामवासी साथ दें और अपना इलाज करवाएं आप स्वस्थ रहेंगे तभी कुछ अपने परिवार के लिए कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन कई जांच के बाद ही लगाने का कार्य किया जा रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन को लेकर कई तरह का भ्रम व्याप्त है जबकि पूर्ण रूप से यह वैक्सीन सुरक्षित है इसे लगाने के बाद व्यक्ति को कुछ नहीं होता बल्कि बीमारी से लड़ने में इसकी क्षमता में विकास होता है।इस अवसर पर जामखोदर के सरपंच शिवराम बैठे ने भी घर घर जाकर ग्रामीण कार्यकर्ताओं को जागरूक करने का कार्य किया। बाकुड सरपंच सराजु कुमरे के माध्यम से गरीब परिवारों को अनाज वितरण का कार्य भी किया गया ग्रामीण कार्यकर्ता मनोज मंडल के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी ने मास्क वितरण का कार्य भी संपन्न कराया। जामखोदर पंचायत में हमारे सभी फ्रंटलाइन के कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता आंगनबाड़ी सहायिका पंचायत सचिव सह सचिव ग्राम कोटवार एवं नोडल अधिकारी का जामखोदर सरपंच शिवराम बेट्ठे के नेतृत्व में साल श्रीफल एवं पुष्पमाला के द्वारा स्वागत किया गया।

### बेमौसम वारिश से मची अफरातफरी

**गंजबासौदा।** क्षेत्र में शनिवार को संध्या समय हुई तेज बारिश से गर्मी से तो निजात मिल गरीब परंतु समर्थन मूल्य पर हो रही खरीदी के स्टाक जो सहकारी समिति केन्द्रों पर लगे थे वह पानी की तेज बौछारों से भींज गये। स्थिति यह है कि खेत खलिहानों में तौल हो रही है वहीं खुले में स्टेक लगा रखे हैं कुछेक त्रिपालों से ढक लिए लेकिन बहुतायत गेंहू के बोरे पानी से तर-बतर हो गये अब स्थिति यह है कि खेत में बने फड़ पर नमी बैठ गई और दीमक लग रही है जिससे जूट का बारदाना तो तार तार हो रहा है। सोसायटियों जो सायलो से अटेच थे उन्होंने तो अगली खरीदी वेअर हाउस गोदामों में कर ली है परंतु पूर्व से कर रहे खरीदारी वाली सोसाइटी फूफेर,ऐंचदा, किरवाया, वीलाढाना ,जादौन पिपरिया आदि परेशानी में हैं।

# घटिया नहर निर्माण पर विधायक बिरला ने उठाई थी आवाज, अब तक नही हुआ निराकरण

## विधायक बिरला ने ग्राम आली बुजुर्ग स्थित नहरों का किया निरक्षण,किसानों ने बताई समस्या

**बड़वाह।**



**क्षेत्रीय विधायक सचिन बिरला ने किसानों के साथ ओंकारेश्वर परियोजना की आली बुजुर्ग क्रमांक-3 की क्षतिग्रस्त उमाटी शाखा नहर का शनिवार को निरीक्षण किया ।**

जहा नहर संस्था अध्यक्ष रेवाराम पटेल व पीड़ित किसान कमलेश पटेल,राहुल बोबड़िया,कन्हैया धोंगड़िया बडूद और घनश्याम धोंगड़िया देलवाड़ा ने बिरला को बताया कि ग्राम देलवाड़ा के पास नहर के सायफन की विगत 5 वर्षों से विभाग द्वारा साफ सफाई नहीं की गई । इस वजह से सायफन पुरी तरह मिट्टी से भर चुका है। जिसके कारण नहर का पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के खेतों में घुस रहा है। इससे जहा नहरें क्षतिग्रस्त हुई वही पानी सीपेज होकर आसपास के खेतों में भर रहा है। सीपेज के कारण नहर का जल बहाव भी शिथिल पड़ गया है। फलस्वरूप नहर का पानी आगे के खेतों तक नहीं पहुंच रहा है। इस प्रकार नहर की सफाई नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसानों को दोहरे नुकसान की मार सहना पड़ रही है। किसानों ने बताया कि अभी कपास की बोवनी का समय है और खेतों में नहर का पानी घुस रहा है। इस वजह से खेतों में नमी बनी हुई है और आगे के खेत सूखे पड़े हैं। दोनों ही स्थिति में कपास की बोनी करना मुश्किल हो रहा है। किसानों की इस शिकायत पर विधायक बिरला ने दूरभाष पर एनवीडीए के ईई जितेंद्रसिंह राणावत से चर्चा कर किसानों की समस्या से अवगत करवाया।श्री राणावत ने बिरला को बताया कि विभाग को शासन की ओर से नहर की साफ सफाई हेतु राशि उपलब्ध नहीं हो रही है। इस कारण नहर की सफाई कार्य विगत कई माह से बन्द पड़ी है।

सारनी में शुरू हो 18 प्लस का टीकाकरण

### सारनी में नहीं है कोविड प्रीरीक्षण केंद्र शुरू करने की उठी मांग

**सारनी पाथाखेड़ा।** कोविड-19 की भयावहता को कम करने का सिर्फ एक ही रास्ता है की अधिक से अधिक लोग को कोविड टिकाकरण कराय जाए एवं कोविड से पीड़ित का सही समय पर जांच कर उसे उपचार दिया जाए इस आश्य से भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री रंजीत सिंह,वरिष्ट नेता पीजे शर्मा, कमलेश सिह, नपाउपाध्यक्ष भीम बहादुर थापा,सुधा चन्द्रा,मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम, महामंत्री किशोर बरदे, प्रकाश शिवहरे ने क्षेत्र के सांसद दुर्गादास उइके,विधायक डाँ योगेश पंडाग्रे,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला से नगरीय क्षेत्र सारनी में कोविड-19 के 18+उम्र का टीकाकरण शुरू करने की मांग की है।भाजपा मंडल महामंत्री प्रकाश शिवहरे ने बताया की नगरी क्षेत्र सारनी में लगभग एक लाख की आबादी घनी बस्तियो में निवास करती है,जिसमें कोविड संक्रमण का बवंडर उठने का डर बना रहता है।पिछले कुछ दिनो से लगातार सारनी में कोविड पीड़ितों की संख्या में बढ़ोतरी हो रहा है।इसके पूर्व टिकाकरण के लिए सारनी नगरी क्षेत्र की जनता में उत्साह भी देखा गया है।कोवीड-19 टिकाकरण के पूर्व के दो चरणों में 60+ एवं 45+ के लिए नगर वासियों ने बढ़-चढ़कर टीकाकरण अभियान में भाग लिया था। नगरी क्षेत्र सारनी के युवा आबादी भी टीकाकरण के लिए उत्साहित है हजारो कि संख्या में युवाओ ने कोविड टिकाकरण के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा लिया गया है।

# डीजल, पेट्रोल कीमतों में वृद्धि सहित महंगाई पर नियंत्रण जरूरी-खनूजा

## कोरोना महामारी के साथ महंगाई की मार भी झेल रहे हैं नागरिक

**सीहोर।**

**कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में लागू कोरोना कर्फ्यू से ज्यादातर लोग बेरोजगार होकर घरों में कैद हैं और दैनिक उपयोग में आने वाली चीजों की कीमतों में लगातार उछाल आ रहा है।**

खाद्यान के साथ पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि ने हर वर्ग को हैरान-परेशान कर दिया है। पेट्रोल के भाव 100 रुपए के पार पहुंच गए। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि से अन्य वस्तुओं के दाम पर भी असर पड़ेगा। उक्त बात कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जसबीर सिंह खनूजा ने कहीं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में जहां अधिकांश व्यापार-व्यवसाय ठप हो चुके हैं, वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ रही महंगाई ने आमजन की कमर तोड़कर रख दी है। खाद्य तेल सहित अन्य वस्तुओं के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। इससे हर घर का बजट गड़बड़ा गया है, पेट्रोल के भाव 100 रुपए प्रतिलीटर पार कर चुका है और डीजल के भाव 91 रुपए लीटर पार कर चुका है। लगातार बढ़ रहे पेट्रोलियम पदार्थों के दाम से आमजन में रोष उपज रहा है । खाद्य वस्तुओं के दाम में वृद्धि कोरोना संक्रमण काल में लागू लाकडाउन में सभी कामकाज लगभग बंद है। इसके बाद भी पेट्रोल - डीजल के दाम में रोजाना बढ़ोतरी होने आमजन पर भार बढ़ेगा । अगर ऐसे ही भाव बढ़ते रहे तो खाद्यान व अन्य आवश्यक सामग्री के दाम भी बढ़ते जा रहे हैं । कई खाद्य वस्तुओं के दामों में गत वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत वृद्धि हो चुकी है। श्री खनुजा ने डीजल पेट्रोल की मूल्य वृद्धि को जीएसटी के दायरे में लाने की सरकार से मांग की है। डीजल-पेट्रोल मूल्य वृद्धि से रोज भाड़े में बढ़ोतरी होती है और अन्य वस्तुएं महंगी होती है। डीजल-पेट्रोल को अतिशीघ्र जीएसटी में लाने से 14 से 15 रुपए लीटर का फायदा होगा। इससे भाड़ा कम होगा और दीगर वस्तुओं के भाव में भी कमी आएगी।